जलापूर्ति कार्यशाला आज

औरंगाबाद. औरंगाबाद महानगर पालिका की ओर से आगामी बीस वर्षों के लिए जलापूर्ति की जिम्मेदारी आगामी एक जनवरी से निजी हाथों में सौंप दी जाएगी. इस संबंध में कल, 30 दिसंबर को नागरिकों को योजना की जानकारी देने के लिए दो स्थानों पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. यह जानकारी कार्यकारी अभियंता एसडी पानझड़े ने दी है. पानझड़े ने बताया कि सुभाष प्रोजेक्ट मार्केटिंग लि. द्वारा नियुक्त औरंगाबाद वॉटर यूटिलिटी कंपनी (एडब्ल्यूयूसी) को स्थानीय जलापूर्ति योजना का हस्तांतरण किए जाने की पार्श्वभूमि पर आयुक्त डॉ पुरुषोत्तम भापकर ने आज कंपनी और मनपा अभियंताओं की बैठक आयोजित की थी. बैठक में बताया गया कि एडब्ल्यूयूसी के माध्यम से स्थानीय जलापूर्ति का संचालन, देखभाल, मरम्मत व समानांतर पाइप लाइन डालने का काम किया जाएगा, इसलिए समानांतर पाइप लाइन की जानकारी, काम के नियोजन, नागरिकों को मुहैया कराई जाने वाली सुविधाओं, भविष्य में जलापूर्ति को लेकर बढ़ाए जाने वाले करों आदि की जानकारी देने के लिए कल, 30 दिसंबर को संत एकनाथ रंगमंदिर में सुबह दस से बारह बजे और संत तुकाराम महाराज नाट्यगृह, सिडको में दोपहर तीन से पांच बजे के दरमियान कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है.